**विवाद** | बल्देवबाग में चैकिंग के दौरान बवाल : समर्थकों ने की नारेबाजी, हंगामा ,चक्काजाम, भारी फोर्स पहुंचा,देर रात एफआईआर की प्रतिक्रिया चली

## पूर्व महापौर को आरक्षक ने अभद्रता कर पीटा, भाजपा नेता चोटिल

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत बल्देवबाग में चैकिंग के दौरान गुरूवार को पुलिस ने पूर्व महापौर, भाजपा नेता को रोक लिया इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी से शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि भाजपा नेता के साथ झूमाझपटी के साथ आरक्षक ने मारपीट कर चोटिल कर दिया। जिसके बाद बवाल मच गया और मामला गरमा गया और जनप्रनिधियों के साथ समर्थक बड़ी संख्या में पहुंच गए मौके पर चक्काजाम की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों समेत भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गए। देर रात करीब 11:32 बजे तक आरक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही थी।



### ऐसे शुरू हुआ विवाद

जानकारी के मुताबिक भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष और पूर्व महापौर प्रभात साहू गुरूवार रात्रि अपने टूव्हीलर से कही जा रहे थे वह जब बल्देबाग चौक पहुंचे तो वहां पुलिस चैकिंग लगी थी। ड्यूटी में तैनात आरक्षक ने उन्हें रोक लिया और अभद्रता कर दी पुलिस और पूर्व महापौर के बीच तनातनी और धक्कामुक्की शुरू हो गई। जिसके बाद विवाद बढ़ गया। नौबत हाथापाई तक पहुंची। आरोप है कि आरक्षक ने पूर्व महापौर के साथ मारपीट की है। जिसके बाद कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे और भारी पुलिस फोर्स तैनात करना पड़ गया। हंगामे के चलते मार्ग में घंटों जाम की स्थिति भी निर्मित रही।

### सस्पेंड की मांग पर अड़े

भाजपा कार्यकर्ता संबंधित पुलिस कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई उन्होंने कहा कि तत्काल प्रभाव से पुलिस कर्मियों को सस्पेंड किया जाए वरना उग्र आंदोलन होगा। देर रात तक पुलिस और जनप्रतिनिधियों के बीच चर्चा चलती रही।

### सांसद, विधायक पहुंचे, समर्थकों ने की नारेबाजी

जानकारी लगते ही सांसद आशीष दुबे, विधायक अभिलाष पाण्डे समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंच गए थे। इस दौरान समर्थकों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलते पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और मामला शांत कराने का प्रयास किया लेकिन समर्थक कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। देर रात पुलिस ने एफआईआर दर्ज की।

### इनका कहना है



चैकिंग के दौरान विवाद हुआ है। पूर्व महापौर ने आरक्षक पर मारपीट, अभद्रता का आरोप लगाया है। जिसके चलते प्रभारत साहू को चोटें आ गई। आरक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो रही है इसके साथ ही आगे अब विभागीय कार्रवाई होगी।

**आयुष गुप्ता**
**एएसपी, सिटी**

## कचरा सड़कों पर फैलाया, सफाई कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

**पिछले 4 माह से वेतन नहीं मिलने से चल रहे थे नाराज**

**नवभारत,जबलपुर।** रांझी जोन में चार महीने से वेतन न मिलने से आक्रोशित सफाई कर्मचारियों का आक्रोश गुरूवार को उस वक्त फूट पड़ा जब उन्होंने अनूठा प्रदर्शन करते हुए पहले तो अंबेडकर वार्ड के पार्षद के घर के सामने कचरे का ढेर पलटाया और फिर बाद में बड़ा पत्थर रांझी से लेकर दर्शन तिराहा तक की मुख्य सड़क के बीच में कचरे का ढेर पलटा दिया। ये पूरा कचरा सफाई कर्मचारियों द्वारा रांझी जोन के अंतर्गत आने वाले घरों में जाकर डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के बाद लाया गया था जिसे सड़कों पर पलटा दिया गया। उधर क्षेत्र में गंदगी और बदबू से स्थानीय लोग व व्यापारी बहुत परेशान हुए। निगम कर्मचारियों द्वारा कचरा सड़क पर पलटाने की खबर निगम के आला अधिकारियों के कानों तक पहुंची जिसके करीब दो घंटे बाद सुपरवाइजर व एम आई सी मेंबर दामोदर सोनी मौके पर पहुंचे और उन्होनें सफाई कर्मचारियों को लिखित आश्वासन दिया है कि अगले मंगलवार तक उनके भुगतान की व्यवस्था कर दी जाएगी। तब कहीं जाकर सफाई कर्मचारियों ने वापस दोबारा काम शुरू किया और सड़क पर फैले कचरे को उठाकर अलग किया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने सुपरवाइजर और नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को चेतावनी दी है कि यदि दो दिन के भीतर उन्हें वेतन भुगतान नहीं किया गया तो वे डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन रांझी क्षेत्र में बंद कर देंगे।



### काम लेकर वेतन नहीं दिया जा रहा

जानकारी के अनुसार निजी ठेका कंपनी के करीब 150 कर्मचारियों को पिछले 4 माह से वेतन नहीं मिला है। विदित हो कि नगर निगम ने उक्त ठेका कंपनी का टेंडर निरस्त कर दिया था, जिसके विरोध में उक्त कंपनी कोर्ट पहुंच गई थी। इस बीच सफाई कर्मियों से काम लिया जा रहा था, लेकिन उनके वेतन भुगतान को लेकर कोई भी आगे नहीं आ रहा था। गुरूवार को कर्मचारियों ने जब प्रदर्शन किया तो अधिकारियों को सामने आना पड़ा।

### कई बार किया गया शिकायतों को नजरअंदाज

सफाई कर्मचारियों का कहना था कि वेतन न मिलने से उन्हें घर चलाने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके पहले उन्होनें कई बार निगम के अधिकारियों से संपर्क किया लेकिन उनकी शिकायतों को बार बार नजरअंदाज किया जा रहा था। इस कारण सड़क पर कचरा फैलाकर जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित कराने का कर्मचारियों ने प्रयास किया।

## सरपंच की कलेक्टर से की शिकायत

**मामला राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का**

**नवभारत, जबलपुर।** मझौली तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत टिकुरी में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सरपंच द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का मामला सामने आया है। जिसको लेकर समस्त ग्रामवासियों ने कलेक्टर से शिकायत की है। ग्राम पंचायत टिकुरी के ग्रामवासियों ने शिकायत कर बताया कि 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करते समय ग्राम पंचायत टिकुरी तहसील मझौली जिला जबलपुर के सरपंच श्रीमती सीतादेवी चौकसे ने ध्वज का अपमान किया है, जोकि अक्षम्य अपराध है। उन्होंने बताया



कि समारोह में पंचायत के सचिव संतोष जैन, सहायक सचिव, उपसरपंच एवं सरपंच जी के पति कौशल चौकसे जोकि वर्तमान में उसी पंचायत ग्राम सिलहटी में शिक्षक के रूप में पदस्थ है, भी मौजूद रहे, लेकिन किसी भी व्यक्ति ने सवाल नहीं उठाया, जिसके लिए उपरोक्त कर्मचारी भी उतने ही जिम्मेदार है, जितने कि सरपंच। जानकारी के अनुसार ग्रामवासियों ने 9 सितम्बर 2025 को भी जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन सप्ताह बीत जाने के बाद भी ध्वज अपमान के लिए कोई कार्यवाही नहीं होने से उन्होंने 16 सितंबर मंगलवार को फिर से जनसुनवाई में शिकायत की है। ग्रामवासियों ने मांग की है कि राष्ट्रीय ध्वज के अपमान को लेकर उचित कार्यवाही कि जाये।

### बिल में हुई है धांधली

शिकायत में बताया कि सरपंच द्वारा समारोह के खर्चे के लिए 27750 रूपए व्यय हुआ था, जिसमें 21000 रूपए टेंट, लाईट और स्पीकर का खर्च बताया है और 6750 रुपए प्रसाद और मिठाई का बिल दर्शाया है। जबकि ग्रामवासियों का कहना है समारोह के लिए ग्रामवासिओं को सूचना नहीं दी गई एवं समारोह में किसी प्रकार का टेंट या बैठक व्यवस्था नहीं थी, सिर्फ खर्चा बताकर रकम निकल ली गई है।

### फोरव्हीलर से पहुंचे बदमाशों ने धमकाया, कार में की तोड़फोड़

जबलपुर। बरेला थाना अंतर्गत सेंट्रल बैंक के सामने बीती रात फोरव्हीलर से पहुंचे बदमाशों ने एक कार रोक ली और इसके बाद लाठी-डंडे से हमला कर तोड़फोड़ करते हुए चालक को धमकाते हुए फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक सरफराज खान 20 वर्षीय निवासी वार्ड नंबर 08 मस्जिद के पास बरेला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह घूमने के लिये अपनी कार क्रमांक एमपी 20 सीडी 7699 से कैनाल की तरफ गया था वहां से वापस अपनी दुकान के लिये जा रहा था तभी अतुल पटेल, सुजल जैन, राहुल दुबे रात्रि करीबन 8.45 बजे सेट्रल बैंक के सामने बरेला में कार को उसकी कार के सामने लगा दिये। कार को रोका। इसके बाद सभी ने उसे धमकाते हुए लाठी, डंडे से उसकी कार में तोड़फोड़ कर दी।

## उपार्जन के बाद हर हफ्ते होगी मॉनिटरिंग

**अधिकारी वेयरहाउस में रखे माल का करेंगे भौतिक सत्यापन**

**नवभारत, जबलपुर।** जिले में हुए लगभग 30 करोड़ रुपए के धान घोटाले के बाद अब आगामी धान उपार्जन को लेकर जिला प्रशासन गंभीर रूप से तैयारी कर रहा है। हाल ही में पदभार ग्रहण किए नवागत कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने विगत दिनों पत्रकारों से चर्चा की थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि उपार्जन के समय और उपार्जन के बाद भी वह हर हफ्ते वेयरहाउस की मॉनिटरिंग करेंगे, जिसमें अधिकारी वेयरहाउस में पहुंचकर खरीदी और रखे हुए माल का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024- 25



धान उपार्जन के समय मिलिंग के लिए मिलर द्वारा उठाई गई धान का गोलमाल कर दिया गया था, जिसमें अधिकारी सहित कई मिलर के ऊपर एफआईआर दर्ज हुई थी। ऐसी स्थिति दोबारा ना बने उसके लिए प्रशासन आगामी उपार्जन को लेकर काफी गंभीर है।

### पोर्टल और वेयरहाउस में रखे माल का होगा मिलान

विदित है कि धान खरीदी के समय ऑपरेटर द्वारा खरीदी को ऑनलाइन पोर्टल पर चढ़ाया जाता है, जिससे उक्त केंद्र में कितनी खरीदी हुई है, इसका रिकॉर्ड रहता है। वहीं जब मिलर जितनी धान का उठाव करते हैं तो उतनी मात्रा में पोर्टल से धान को घटा दिया जाता है। वहीं अब अधिकारी आगामी उपार्जन के समय वेयरहाउस में पहुंचकर पोर्टल और वेयरहाउस में रखे माल का मिलान करेंगे जिससे धान की कालाबाजारी पर रोक लग सके।

### ऐसे हुई थी धान की हेराफेरी

उल्लेखनीय हैं कि इस वर्ष फर्जी एंट्री और मिलर द्वारा उठाई गई धान, इन दोनों में ही धान के साथ हेरा फेरी की गई थी। इसमें पहले तो कई वेयर हाउस में अधिक माल पाया गया था, जिनकी एंट्री पोर्टल पर नहीं थी, दूसरी ओर एंट्री होने के बाद भी कई जगहों पर धान नहीं मिली थी। इसके अलावा जब मिलर द्वारा धान का उठाव किया गया था तो उक्त धान राइस मिल में पहुंची ही नहीं थी, जो कि बीच में कहीं खपा दी गई थी। जिसकी कीमत करोड़ों रुपए थी। इस मामले में नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक सहित कई अधिकारी और मिलर के ऊपर एफआईआर भी दर्ज है।

## न्यायालय में व्हाइट शर्ट, ब्लैक टाई पहनकर आए विधि छात्र

**जबलपुर, नवभारत।** विगत कुछ दिनों से अधिवक्तागण एवं माननीय न्यायाधीशो से मिल रही शिकायतों के खिलाफ जिला अधिवक्ता संघ ने कड़े शब्दों में इंटर्नशिप प्राप्त कर रहे हैं विधि छात्रों को हिदायत देते हुए आगाह किया कि उनके द्वारा किसी भी न्यायालय में पैरवी ना की जाए एवं न्याय परिसर में दाखिल होने के लिए काली पेंट, सफेद शर्ट एवं काली टाई का उपयोग किया जाए। यही नहीं इंटर्नशिप प्राप्त कर रहे विधि छात्रों को तीन दिनों के भीतर अपने संबंधित कॉलेज से प्राप्त पहचान पत्र जिला अधिवक्ता संघ के कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं और ऐसा नहीं करने पर एवं किसी भी न्यायिक कार्रवाई में हिस्सा लेते पाए जाने पर वैधानिक करवाई करने का आश्वासन जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा दिया गया है। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, ज्योति राय, शैलेंद्र यादव सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## नरसिंहपुर का चोर गिरोह जबलपुर में गिरफ्तार

**दो नकबजनियों का खुलासा चार लाख का माल जब्त**

**जबलपुर।** तिलवारा पुलिस ने नरसिंहपुर का चोर गिरोह पकड़ा है। जिन्होंने पूछताछ में तिलवारा अंतर्गत की गयी 2 नकबजनियों का खुलासा किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चुराये हुये 4 लाख रूपये कीमती सोने चांदी के जेवर एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त की गई है। पकड़ा गया गिरोह मोटर सायकिल से दिन में रैकी करते हुये सूने मकान में ताला तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। टीआई बृजेश मिश्रा ने बताया कि त्रिपुरी सुंदरी मंदिर रोड़ के सामने हाईवे किनारे मोटर सायकल क्रमांक एमपी 49 जेड एफ 7454 लेकर खड़े सद्दाम उर्फ इमरान अली पिता अनवर अली 32 वर्ष निवासी ठाकुर बाबा वार्ड नूरी मोहल्ला थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर एवं स्वतंत्र चौधरी पिता नर्मदा प्रसाद चौधरी 34 निवासी इंद्रवार्ड कुम्हारी मोहल्ला, रूद्र वार्ड गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को पकड़ा गया जिन्हें थाना लाकर सघन पूछताछ करने पर अपने 2 साथी हेमंत चक्रवर्ती निवासी देवमुलरीधर वार्ड थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर, एवं विनय उर्फविनोद चक्रवर्ती निवासी कुम्हारी मोहल्ला, रूद्र वार्ड गोटेगांव जिला नरसिंहपुर के साथ मिलकर मोटर सायकल से रैकी कर जोधपुर पड़ाव एवं डगडगा हिनौता में सूने मकान में चोरी करना स्वीकार करते हुये चुराया हुआ सामान दोनों साथियों के पास रखे होना बताये, आरोपियों की निशादेही पर गोटेगांव जिला नरसिंहपुर में दबिश देते हुये आरोपी हेमंत , विनय उर्फविनोद चक्रवर्ती को पकड़ा गया। आरोपियों की निशादेही पर चुराया हुआ माल जब्त किया गया।

### सिवनी, नरसिंहपुर जबलपुर में की दस चोरियां

उल्लेखनीय है कि पकड़े गये आरोपियों द्वारा जिला सिवनी, नरसिंहपुर एवं जिला जबलपुर में 10 नकबजनी की घटनाओं को अंजाम दिया गया।

### दिव्यांगता की पहचान के लिए शिविर आज से

**नवभारत,जबलपुर।** 1 से 18 वर्ष तक के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान के लिए चार दिवसीय शिविर का आयोजन 19 सितंबर से शुरू हो रहा है। अब विक्टोरिया जिला अस्पताल में परीक्षण किया जाएगा और दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी नंबर 30 नवम्बर तक दिये जायेगें। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न विभागों के सहयोग से 1 से 18 वर्ष तक के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान करने के लिए 19 सितम्बर एवं 23 से 25 सितम्बर तक सेठ गोविंद दास चिकित्सालय (विक्टोरिया जिला अस्पताल) में प्रातः 10 :00 बजे से 04 :00 बजे तक मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए परीक्षण किया जायेगा।

## बिहार से 250 भेड ठूस-ठूस कर लाते ट्रक पकड़ाया

**जबलपुर।** गोसलपुर पुलिस ने जुझारी ब्रिज के पास घेराबंदी करते हुए बिहार से 250 भेड ठूस-ठूस कर जबलपुर आते ट्रक को पकड़ा है। साथ ही क्रूरता का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक सूचना मिली कि सिहोरा तरफ से जबलपुर तरफ ट्रक में भेडों को क्रूरता पूर्वक भरकर ले जाया जा रहा है। सूचना पर जुझारी ब्रिज के पास घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक एमएच 40 बीजी 8142 को रोका गया। जिसका चालक दीपक यादव पिता मुन्नालाल यादव 28 वर्षीय निवासी लमतरा फाटक थाना कुठला कटनी एवं श्रमिक मोहम्मद उमैर पिता मोहम्मद जुनैत 23 वर्षीय निवासी असलादपुरा थाना जैतपुर बनारस, सिधी पासवान पिता स्व. सरजू प्रसाद 32 वर्ष निवासी जमुआ थाना कुटुम्बा औरंगाबाद मतपा बिहारबैठे मिले। चैक किया गया तो ट्रक में ठूस ठूस कर क्रूरता पूर्वक भेड़े लदी हुई मिली। पूछताछ पर चालक ने वाहन स्वामी द्वारा उक्त भेड़े क्रूरता पूर्वक लोड करवाकर आरा पटना बिहार से जबलपुर लाना बताया। चालक, श्रमिक वाहन स्वामी के कहने पर क्रूरता पूर्वक 250 भेड़े भरकर परिवहन करते मिले जिनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

## नशे में धुत बोलेरो चालक ने मचाया तांड़व

**सायकिल सवार, फालूदा बेचने वाली गाडी को टक्कर मार टपरे में घुसी**

**जबलपुर।** गढ़ा मेन रोड में बीती रात शराब के नशे ममें धुत एक तेज रफ्तार बुलेरो चालक ने तांड़व मचाया। सायकिल सवार को टक्कर मारने के बाद फालूदा बेचने वाली की गाडी में भी टक्कर मार दिया इसके बाद समीप की एक टपरा में जाकर टकरा गई। टपरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कपडा प्रेस करने बाले की टपरा मे भी टकरा गई जिससे उसका टपरा टूट गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुतबिक बीती रात करीब 12.15 बजे बोलेरो क्रमांक एमपी 16 सीबी 7262 के चालक ने मेनरोड गढा में वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर एक सायकिल सवार को टक्कर मार दी जिससे वह गिर गया और उसे चोटें आ गई। इसके बाद बोलेरो चालक आगे खडी फालूदा बेचने बाली की गाडी में भी टक्कर मार दिया जो उसकी गाडी जाकर रोड किनारे कपडा प्रेस करने बाले की टपरा में भी टकरा गई जिससे टपरा टूट गया। बोलेरो चालक आशीष बाथरे को लोगों ने पकड़ लिया था जिसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। चालक का मुलाहिजा करया गया जिसमें चालक शराब के नशे में मिला।

### ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

खितौताल थाना अंतर्गत हाइवे रोड में बाइक सवार अनिल चौधरी 35 वर्ष निवासी ग्राम मोहसाम सिहोरा को ट्रक क्रमांक यूपी 15 ईटी 2292 के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे उसे चोटें आ गई।

### कार की टक्कर से नर्स समेत दो घायल

लार्डगंज थाना अंतर्गत रानीताल चौराहा में कार क्रमांक एमपी 07 जेडब्ल्यु 8678 के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। चालक पवन विश्वकर्मा और उसकी नर्स बहन रानी रजक निवासी औरियां को चोटें आ गई।

## कार्यालय आने से पहले हार्ट अटैक से संविदा कर्मी की मृत्यु

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में कार्यरत संविदा कर्मी की कार्यालय आने से पहले ही हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई, जिसको लेकर कर्मचारी संघ ने आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग की है। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अंतर्गत जबलपुर सिटी सर्किल के कार्यपालन अभियंता कार्यालय जेसू पूर्व शहर संभाग में पदस्थ संविदा कर्मी महेंद्र पटेल ने साथियों के साथ कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया और घर चला गया। जहां से फिर ड्यूटी के लिए वापस कार्यालय आने से पहले लगभग 3 बजे संविदा कर्मी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के हरेंद्र श्रीवास्तव, मोहन दुबे, इंद्रपाल सिंह, लाखन सिंह राजपूत, दशरथ शर्मा, अजय कश्यप, राजकुमार सैनी, प्रीतम पटेल, नीरज दुबे, मदन पटेल, गुलशन, अरुण मालवीय, दिनेश आदि ने मृत कर्मी को श्रद्धांजलि दी और कंपनी प्रबंधन से संविदा कर्मी के परिवार के आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग की है।

## शर्मा ने यात्री सुविधाओं का लिया जायजा

**जबलपुर।** रेल मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक संजय शर्मा ने नवरात्रि त्योहार के मद्देनजर जबलपुर स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान यात्री सुविधाओं की जांच वेटिंग हॉल, प्लेटफॉर्म टिकट बुकिंग कार्यालय, पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, साफ-सफाई व्यवस्था, पानी की सुविधाएं और खान-पान स्टॉल की जांच की गई। वही टिकट खिड़कियों की व्यवस्था यात्रियों की संख्या के अनुपात में सामान्य दर्जे की पर्याप्त टिकट खिड़कियां खुली होने पर संतोष व्यक्त किया गया। ऑटो स्टैंड पर कार्रवाई एक ऑटो चालक द्वारा असुरक्षित ढंग से एलपीजी गैस भरते हुए पाए जाने एवं ऑटो स्टैंड में गंदगी करने पर आरपीएफ के सुपुर्द किया गया।



**सुविधा** | टेंडर निकालने की तैयारी में जुटा रेलवे, यात्री ले सकेंगे लजीज व्यंजनों का आनंद

## एक बार फिर से गुलजार होगा रेल रेस्टोरेंट

**जबलपुर, नवभारत।** लगभग चार सालों से बंद पड़े मदन महल स्टेशन के बाहर स्थित रेल कोच रेस्टोरेंट जल्द ही खुलने वाला है। शहर में खाने पीने के शौकीनों के साथ साथ रेल यात्री भी एक बार फिर से रेल रेस्टोरेंट में बने लजीज व्यंजनों का आनंद लें सकेंगे। रेल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विभाग एक बार फिर से रेल रेस्टोरेंट शुरू करने टेंडर निकालने की तैयारी शुरू कर रहा है। ऐसे में अगर सब कुछ ठीक रहा तो आने वाले 7 महीनो के अंदर मदन महल स्थित रेल रेस्टोरेंट एक बार फिर से लजीज व्यंजनों का अड्डा बन सकता है। रेस्टोरेंट के शुरू हो जाने से ट्रेन में सफर करने वाले यात्री भी ऑर्डर देकर अपना खाना पैक करा सकेंगे।सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार रेलवे ने रेल रेस्त्रां को रेस्टोरेंट ऑन व्हील्स नाम से शुरू किया था। जानकारी अनुसार फरवरी 2020 में सबसे पहले इसकी शुरुआत आसनसोल रेलवे स्टेशन से की गई थी। इस रेस्टोरेंट की खासियत यह है कि इसका संचालन 24 घंटे और सातों दिन किया जाता है। इस रेस्टोरेंट में उपयोग में लिए गए कोच की दीवारों पर पेंटिंग, पुरानी चीजें और केतली बल्ब से आकर्षक लुक दिया गया था। इस रेस्त्रां में वेज से लेकर नॉनवेज तक हर तरह का खाना मिलता था। रेलवे द्वारा जबलपुर में खड़े पुराने कोच को मरम्मत कर इस रेस्टोरेंट को तैयार किया था। इस कोच में 20 से 30 लोगों के एक साथ बैठने की क्षमता थी और पूरा रेस्त्रां एयरकंडिशन था। इसमें नाश्ता, लंच, डिनर, टी स्नैक्स के साथ




स्थानीय मिठाई और पकवान आसानी से उपलब्ध हो जाते थे।

### पहले फ्लाइओवर, तो अब स्टेशन रीडेवलपमेंट

लंबे अरसे से बंद पड़े मदन महल स्थित रेल रेस्टोरेंट के बारे में जब नवभारत द्वारा जानकारी जुटाई, तो जिम्मेदारों द्वारा बताया गया कि मदन महल से दमोहनाका के बीच बना रहे फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के दौरान उड़ने वाली धूल धक्कड़ के चलते लोगों द्वारा रेस्टोरेंट के भोजन की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए जाने लगे थे। जिसके चलते रेस्टोरेंट चला रही एजेंसी का ठेका भी समय पूरा हो जाने के बाद वापिस रिन्यू नहीं किया गया था। लेकिन अब फ्लाइओवर का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद इसे आम जनता के लिए खोल दिया गया है। तो वहीं अब मदन महल स्टेशन के रिडेवलपमेंट का कार्य प्रगति पर आ चुका है। जिसके चलते एक बार फिर से वही समस्या उत्पन्न हो सकती है। बहरहाल रेलवे के अधिकारियों द्वारा इस रेस्टोरेंट को शुरू करने की पुरजोर कोशिश कि जा रही है।

### इनका कहना है



रेल रेस्टोरेंट के शुरू हो जाने से आम जनता को एक बार फिर से लजीज व्यंजनों का स्वाद मिल सकेगा। ऐसी शानदार पहल को जल्दी शुरू करना चाहिए।

**पप्पू**

मै शुरू में रेल रेस्टोरेंट खूब जाता था। इस रेस्टोरेंट के बंद हो जाने से हम सभी को बुरा लगा था। रेलवे को जल्द ही रेस्टोरेंट में कुछ बदलाव कर खोल देना चाहिए।



**जितेंद्र**

रेलवे द्वारा रेल रेस्टोरेंट को शुरू करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। जल्द ही रेलवे रेस्टोरेंट शुरू हो सकेगा।

**कमल कुमार तलरेजा**
**डीआरएम, पमरे**

### पंजीकृत लोक सेवकों के प्रशिक्षण का आज होगा समापन

**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान, म.प्र. भोपाल द्वारा आईजीओटी पर पंजीकृत समस्त लोकसेवकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण का एवं दिनांक 15 सितम्बर से 19 सितम्बर 2025 के मध्य ''कर्मयोगी आईजीओटी पर सीखें सप्ताह'' का आयोजन करने के निर्देश दिये गए हैं। निर्देश के परिपालन में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं जिसका समापन 19 सितम्बर को जारी सूची अनुसार समय दोपहर 12 बजे से 01 बजे तक मैनेजर ई-गवर्नेस गजेन्द्र बैस एवं शाम 05 से 06 बजे तक जबलपुर स्मार्ट सिटी कार्यालय में जी.आई.एस. एक्सपर्ट स्मार्ट सिटी बालेन्द्र शुक्ला द्वारा ''कर्मयोगी आईजीओटी पर सीखें सप्ताह'' का प्रशिक्षण के साथ किया जाएगा। विभागीय प्रमुख अपने-अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों की सूची अनुसार जिनके द्वारा अभी तक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है, को प्रशिक्षण दिलवाना सुनिश्चित करेगें।

## पत्नी की प्रताड़ना से पति ने की थी आत्महत्या

**मर्ग जांच में खुलासा प्रकरण दर्ज**

**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में पत्नि की प्रताड़ना से तंग आकर पति ने जहरीली वस्तु का सेवन कर आत्महत्या की थी। मर्ग जांच में खुलासा होने पर पुलिस ने पत्नि के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया हैं।

पुलिस ने बताया कि नीरज पटैल पिता सुंदर लाल पटेल 28 वर्ष निवासी नेतानगर अब्दुल हमीद वार्ड अधारताल ने 22 जुलाई को घर पर सल्फास का सेवन कर लिया था। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जांच में पाया गया कि नीरज पटैल की शादी लगभग 4 माह पहले सुभाषनगर मीठे के नल के पास सिविल लाईन जिला सागर में दीक्षा पटेल के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुयी थी दीक्षा पटैल आये दिन घरेलू बातों को लेकर झगड़ा विवाद करती थी बोलती थी कि मेरे माता पिता ने जबरन शादी यहां कर दिये हैं लगभग 1 माह में दीक्षा 20-25 दिन ससुराल मे रूकी। 22 जून को दोपहर लगभग 1 बजे अपने जीजा एवं दीदी के साथ बिना किसी को बताये मायके चली गयी थी उस समय नीरज पटैल घर पर नही था घर में रखे जेवर, कपड़े भी दीक्षा ले गई थी, दीक्षा पटैल नीरज पटैल को परेशान करती थी इसलिये पत्नि से तंग आकर नीरज पटैल ने सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या कर ली थी। मर्ग की सम्पूर्ण जांच पर मृतक नीरज पटेल की पत्नी दीक्षा पटैल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।